# आकाशवाणी केन्द्र शिमला

**04.05.2025** **1800 बजे**

## निर्वाचन आयोग

निर्वाचन आयोग एक सिंगल–प्लेटफॉर्म एप ई.सी.आई.एन.ई.टी. की शुरूआत करेगा, जो चुनाव संबंधी सभी सेवाओं को एक जगह पर उपलब्ध कराएगा। यह ऐप निर्वाचन आयोग की मौजूदा 40 से अधिक मोबाइल और वेब एप्लिकेशनों को एक साथ लायेगा। यह मतदाताओं, चुनाव अधिकारियों, राजनीतिक दलों और अन्य हितधारकों के लिए एक नया डिजिटल इंटरफ़ेस होगा। इससे उपयोगकर्ताओं को ढेर सारे ऐप डाउनलोड करने से राहत मिलेगी। यह ऐप डेस्कटॉप या स्मार्टफोन पर चुनाव संबधित जरुरी जानकारी उपलब्ध कराएगा।

## राजस्व मामले

प्रदेश में राजस्व संबंधी शिकायतों के समाधान के लिए शुरू की गई राजस्व लोक अदालतों के उत्साहजनक परिणाम सामने आए हैं। इन अदालतों में अक्तूबर 2023 से मार्च 2025 के बीच करीब 3 लाख 26 हज़ार लंबित राजस्व मामलों का सफलतापूर्वक निपटारा किया गया है। एक सरकारी प्रवक्ता के अनुसार इस पहल से प्रदेश सरकार की उत्तरदायी शासन व्यवस्था और नागरिक केन्द्रित सेवा वितरण की कार्यशैली प्रदर्शित हो रही है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री सुखविन्द्र सिंह सुक्खू के निर्देश पर सार्वजनिक सेवाओं के वितरण के लिए डिजिटल प्लेटफॉर्म का सर्वोत्तम उपयोग सुनिश्चित बनाया जा रहा है।

## जयराम ठाकुर

विपक्ष के नेता व पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर ने प्रदेश कांग्रेस सरकार पर कर्मचारी विरोधी होने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि कर्मचारी हितैषी होने का राग अलापने वाली कांग्रेस सरकार ने लोकतंत्र को कुचलने का काम किया है। उन्होंने कहा कि पिछले कुछ समय से शिक्षक अपने हक के लिए आंदोलन कर रहे हैं लेकिन सरकार ने उनकी आवाज़ दबाने के लिए उन पर एफ.आई.आर. दर्ज की है। जयराम ठाकुर ने कहा कि अब तक 9 सौ शिक्षकों के खिलाफ मामले दर्ज किए गए हैं और 10 से अधिक शिक्षक निलंबित किए गए हैं। उन्होंने इस कार्रवाई को दुर्भाग्यपूर्ण बताया है।

## राजस्व मंत्री

राजस्व मंत्री जगत सिंह नेगी ने किन्नौर ज़िले में निचार विकासखण्ड में थाच गांव के लिए राज्य पथ परिवहन निगम की बस सेवा को आज हरी झण्डी दिखाई। उन्होंने क्षेत्र में जायका भवन और तरांडा बहुउद्देशीय सहकारी सभा का भी शुभारम्भ किया। एक जनसभा में जगत सिंह नेगी ने कहा कि वर्तमान सरकार जनजातीय ज़िलों के समग्र विकास के लिए वचनबद्ध है और इस दिशा में निरंतर कार्य किए जा रहे हैं।

**धर्मशाला मैच**

अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम धर्मशाला में आज होने वाले आई.पी.एल. मैच में पंजाब किंग्स का मुकाबला लखनऊ सुपर जायंट्स के साथ होगा। ये मैच भारतीय समयानुसार शाम साढ़े सात बजे शुरू होगा। इससे पहले लखनऊ सुपरजायंटस की टीम ने कल शाम के सत्र में अभ्यास किया और पिच की जानकारी ली। *अधिक जानकारी हमारे कांगड़ा संवाददाता से...*

**मौसम**

प्रदेश में पश्चिमी विक्षोभ लगातार सक्रिय बना हुआ है। इसके प्रभाव से राजधानी शिमला सहित प्रदेश के अधिकांश क्षेत्रों में आज भी गरज के साथ वर्षा का क्रम जारी है। कुछ स्थानों पर ओलावृष्टि का भी समाचार है। मौसम में आए इस बदलाव से तापमान में भी गिरावट दर्ज की जा रही है। मौसम विभाग ने 8 मई तक कुछ स्थानों पर वर्षा व ओलावृष्टि की संभावना जताई है।